web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 30 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 34

# नए शैक्षणिक सत्र से देश भर की 300 यूनिवर्सिटी में लागू होगा 4 वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आने वाले नए शैक्षणिक सत्र से देश भर की 300 से अधिक यूनिवर्सिटीज 4 वर्षीय अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम यानि एफवाईयूपी लागू कर सकती हैं। हालांकि यह नियम बाध्यकारी नहीं होगा। छात्रों के पास एफवाईयूपी या फिर 3 वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम को अपनाने का विकल्प मौजूद रहेगा। यूजीसी के मुताबिक छात्रों को रिसर्च स्पेशलाइजेशन के साथ चार वर्षीय स्नातक 'यूजी ऑनर्स' डिग्री मिलेगी। फिलहाल देश भर की करीब 150 यूनिवर्सिटी में मौजूदा सत्र 2023-24 से एफवाईयूपी लागू हो गया है।

यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार के मुताबिक अगले सत्र में यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2023-24 की शुरुआत में देशभर के 105 विश्वविद्यालयों ने एफवाईयूपी को लागू किया था। 4 वर्षीय अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों को लागू करने वाले विश्वविद्यालयों में 19 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 24 राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय, 44 डीम्ड विश्वविद्यालय और 18 प्राइवेट विश्वविद्यालय शामिल थे। इनमें दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, विश्व भारती विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय व मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय शामिल हैं।

अब इन विश्वविद्यालयों की संख्या बढक़र 150 तक पहुंच चुकी है। एफवाईयूपी की रूपरेखा के तहत यूजीसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रावधानों का पालन करते हुए छात्रों को तीन वर्षीय स्नातक डिग्री के साथ-साथ 4 वर्षीय ऑनर्स डिग्री हासिल करने का विकल्प प्रदान किया है।

यूजीसी चेयरमैन के मुताबिक छात्र 120 क्रेडिट पूरा होने पर तीन वर्षीय यूजी डिग्री और 4 वर्ष में 160 क्रेडिट पूरा करने पर एफवाईयूपी ऑनर्स डिग्री हासिल कर सकेंगे। रिसर्च स्पेशलाइजेशन के इच्छुक छात्रों को चार साल के अंडर ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में एक रिसर्च प्रोजेक्ट शुरू करना होगा। इससे उन्हें रिसर्च स्पेशलाइजेशन के साथ साथ ऑनर्स की डिग्री हासिल होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि चार वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम (एफवाईयूपी) के नए ड्राफ्ट से विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को मदद मिलेगी। भारतीय छात्रों में विदेशों में पढ़ाई को लेकर क्रेज साल दर साल बढ़ रहा है। बीते साल नवंबर तक 6 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र, उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए हैं, जबकि 2021 में यह संख्या 4.44 लाख थी।

इन आंकड़ों में कहा गया है कि कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली ऐसे शीर्ष 5 देश हैं जहां पर भारतीय छात्र पढऩे के लिए ज्यादा जा रहे हैं।

यूजीसी के नए ड्राफ्ट के अनुसार, अब छात्र तीन साल के बजाय चार साल पूरा करने पर ही अंडरग्रेजुएट 'ऑनर्स' की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे।

यूजीसी का कहना है कि एफवाईयूपी का पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क' का ड्राफ्ट अंतरराष्ट्रीय स्टैण्डर्ड के अनुसार है। शिक्षा के स्तर में अंतरराष्ट्रीय बराबरी का एक लाभ यह भी है कि भारतीय छात्र को अमेरिका और पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए पहले से अधिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। हालांकि कुछ शिक्षाविद् इससे सहमत नहीं हैं।

प्रसिद्ध शिक्षाविद् सीएस कांडपाल के मुताबिक एफवाईयूपी उन छात्रों को मदद करेगी जो अमेरिका के कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में एडमिशन पाने के इच्छुक हैं। लेकिन प्रोग्राम में इस तरह की स्किल सिखाने की जरूरत है जिससे रोजगार बढ़ाया जा सके। इस तरह की स्किल विदेश में पढऩे वाले छात्रों के भी लिए बहुत मददगार होगी। इन स्किल में कम्युनिकेशन, एडाप्टिबिलिटी, विदेशी भाषा, और सेल्फ-अवेयरनेस शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मूल उद्देश्य देश में तीन साल के प्रोग्राम में ज्यादा संख्या में छात्रों को शामिल करना था। एफवाईयूपी, डिग्री तीन वर्षीय कार्यक्रम का विस्तार है। जैसे कि स्कूलों में आप क्लास में जाते हैं, नोट्स तैयार करते हैं और परीक्षा देते हैं। परीक्षा में आपके प्रदर्शन के हिसाब से आपको ग्रेड मिलता है। इस प्रकार की शिक्षा से छात्र विदेशों में अच्छी यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन शिक्षा पाने के साथ-साथ करियर बनाने के लिए तैयार नहीं होते हैं क्योंकि उनका उद्देश्य मात्र विदेश के विश्वविद्यालय में प्रवेश पाना है। जो संस्थान एफवाईयूपी शुरू करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें उसे इस बारे में सोचने की जरूरत है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में एक कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में भीषण सडक़ हादसा हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात उस समय हुआ जब परिवार एक समारोह से घर लौट रहा था। एसएचओ वेद पाल ने कहा कि इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान साठ साल के परमजीत कौर, खुशविंदर सिंह, उनकी पत्नी परमजीत कौर, बेटा मनजोत सिंह और 36 साल के रामपाल उसकी पत्नी रीना एवं बेटी रीता के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि घायलों की पहचान आकाशदीप सिंह और मनराज कौर के रूप में हुई है, जिसको बीकानेर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। एसएचओ पाल ने आगे कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ईसाइयों की प्रार्थना सभा में 3 ब्लास्ट, 1 की मौत; 20 से ज्यादा घायल

**एर्नाकुलम (आरएनएस)।** केरल के एर्नाकुलम में कलामसेरी स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में तीन जबरदस्त धमाके हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस समय यह धमाके हुए उस समय कन्वेंशन सेंटर यहोवा के साक्षियों की प्रार्थना चल रही थी। धमाकों में एक शख्स की मौत हो गई है जबकि 20 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह घटना करीब 9 बजे की है। धमाके के बाद स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को बाहर निकाला गया। यहां मौजूद कई लोगों का यह भी कहना है कि कन्वेंशन सेंटर में लगातार पांच धमाके हुए जिसमें से एक बेहद तेज था। केरल के मंत्री पी राजीव धणाके के बाद मौके पर पहुंचे। केरल के स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने तुरंत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी हाजिर होने का आदेश दिया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि कन्वेंशन सेंटर में उस वक्त कुछ यहूदी भी मौजूद थे। ऐसे में संभव है कि उनको निशाना बनाकर ही यह धमाका किया गया हो। एक दिन पहले ही मलप्पुरम में आयोजित रैली में हमास के पूर्व चीफ ने हिंदुत्व और यहूदियों के खिलाफ जहर उगला था। इसके बाद रैली का आयोजन करने वाले संगठन ने यह भी कहा था कि हमास भारत में कोई प्रतिबंधित या फिर आतंकी संगठन नहीं है।

### कारों की टक्कर में 32 की मौत, 63 घायल

**काहिरा ।** मिस्र के बेहेरा गवर्नरेट के पास एक रेगिस्तानी सडक़ पर शनिवार को कई वाहनों की टक्कर में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए।देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सुरक्षा जांच से पता चला कि दुर्घटना बेहेरा के पास काहिरा-अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी सडक़ पर यात्रा कर रही एक कार से तेल रिसाव के कारण हुई थी। मंत्रालय ने बाद के बयानों में कहा कि यात्रियों को ले जा रही बस से टकराने के कारण कई कारों में आग लग गई। सरकारी अहराम अखबार ने घटनास्थल पर मौजूद एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से कहा, दुर्घटना में कुल 64 वाहन शामिल थे, जिनमें 29 कारें जल गईं। मंत्रालय ने कहा कि उसने घायलों को बचाने के लिए 20 एम्बुलेंस भेजी थीं, जिनमें से तीन को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया । इसमें कहा गया है कि अन्य 60 घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि अहराम ने डॉक्टरों का हवाला देते हुए पुष्टि की कि दुखद दुर्घटना में मारे गए लोगों में से अधिकांश बच्चे है। अहराम ने कहा कि त्रासदी की आपराधिक जांच का आदेश दिया गया है।मिस्र में तेज गति, सडक़ों के खराब रखरखाव और यातायात कानूनों के ढीले कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप सडक़ दुर्घटनाएं हर साल हजारों लोगों की जान ले लेती हैं।पिछले कुछ वर्षों में, मिस्र ने यातायात दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अपने सडक़ नेटवर्क को उन्नत किया है।

## मणिपुर से असम लाई गई 5 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले में एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 5 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। वहीं, ड्रग तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के मुताबिक ड्रग्स की खेप मणिपुर से आ रही थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक सूचना मिलने के बाद बीती रात जिले के लाहौरिजन चौकी क्षेत्र के पास एक कार को रोका। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सैकिया ने कहा, वाहन की गहन तलाशी के बाद हमने भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया और एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जो मणिपुर का है।इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पुलिस ऑपरेशन की प्रशंसा की और एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें 50 साबुन के डिब्बे मिले हैं जिनमें 637.28 ग्राम हेरोइन थी। उन्होंने लिखा, असम में चल रहे ड्रग्स के खिलाफ अभियान के तहत, कार्बी आंगलोंग पुलिस ने पड़ोसी राज्य से आ रहे एक वाहन को रोका और 50 साबुन के डिब्बों में रखी 637.28 ग्राम हेरोइन बरामद की। इस संबंध में ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। असम पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब्त की गई ड्रग्स की कुल कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये होगी।

## कोच्चि निवासी ने ली विस्फोट की जिम्मेदारी, केरल पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण



**कोच्चि (आरएनएस)।** एक बड़े घटनाक्रम में रविवार को कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी लेते हुए कोच्चि के एक व्यक्ति ने केरल पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

सूत्रों के मुताबिक, धमाकों की जिम्मेदारी लेने वाले शख्स ने त्रिशूर थाने के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आरोपी ने दावा किया है कि उसने बम लगाया था जिसके परिणामस्वरूप एक महिला की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। घायलों में सात की हालत गंभीर है।

पुलिस शख्स से पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने बताया कि वह व्यक्ति खुद आया और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस संबंध में अभी और विवरण की प्रतीक्षा है।

इस बीच, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विस्फोट पर चर्चा के लिए सोमवार को राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

केरल के कलामासेरी कन्वेंशन सेंटर में रविवार को हुए धमाकों की जांच से पता चला है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टिफिन बॉक्स में रखे गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का इस्तेमाल किया गया था।सूत्रों ने पुष्टि की थी कि यह आतंक पैदा करने के इरादे से किया गया था। विस्फोट के समय कन्वेंशन सेंटर में लगभग दो हजार लोग थे। कोच्चि से राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) की चार सदस्यीय टीम मौके पर पहुंच चुकी है। सूत्रों ने पुष्टि की कि नई दिल्ली से एनआईए टीम जांच संभालने के लिए केरल रवाना हो चुकी है।पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कई विस्फोटों की सूचना मिली थी। यहोवा के साक्षी में विश्वास करने वालों की बैठक आयोजित की गई थी। विस्फोट सुबह करीब 9 बजे हुए थे। हॉल को सील कर दिया गया है और केरल पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता घटनास्थल पर है।यहोवा के साक्षी ईसाइयों का एक समूह है जो खुद को प्रोटेस्टेंट के रूप में नहीं मानते हैं। यहोवा साक्षी सम्मेलन एक वार्षिक बैठक है जहाँ बड़ी सभाएँ होती हैं जिन्हें क्षेत्रीय सम्मेलन कहा जाता है। यह तीन दिनों तक चलता है। सूत्रों के मुताबिक यह आयोजन शुक्रवार को शुरू हुआ था और रविवार को इसका समापन होना था।सूत्रों ने कहा कि सभी घायलों को कलामासेरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इस घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री विजयन आज पार्टी की बैठक के लिए दिल्ली में थे। उन्होंने राज्य के सहकारिता मंत्री वी.एन. वासवन को प्रतिनियुक्त किया है। वासवन ने घटनास्थल पर मीडिया से कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। विस्फोट का विवरण अभी तक पता नहीं चला है। माकपा के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन ने कहा कि घटना में आतंकी पहलू को भी देखा जाना चाहिए।

## कजाकिस्तान की खदान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई, राष्ट्रपति ने कंपनी के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन



**अस्ताना ।** कजाकिस्तान के कारागांडा क्षेत्र में खदान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढक़र 36 हो गई है। देश के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, फिलहाल 36 शव बरामद किए गए हैं। दस अन्य खनिकों की तलाश जारी है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि खदान शाफ्ट पर मीथेन विस्फोट हुआ था। दुर्घटना के बाद कुल 208 खनिकों को निकाला गया है।

इसे लेकर कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायव ने सरकार को आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ खनन कंपनी के साथ निवेश सहयोग बंद करने का निर्देश दिया। टोकायेव ने खदान में लगी आग के हताहतों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सरकार को परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। खदान में शनिवार की दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए सरकारी आयोग बनाया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री अलीखान स्माइलोव ने की।

सरकार आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ के शेयरधारकों के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर पहुंच गई है और कजाकिस्तान के पक्ष में स्वामित्व हस्तांतरण सौदे को अंतिम रूप दे रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, खदान में आग लगने के कारण दुर्घटना के कारणों की व्यापक जांच की जाएगी। साथ ही, नुकसान का आकलन करने और घायलों तथा मृतकों के परिवारों को प्राथमिकता सहायता प्रदान करने के लिए उपाय किए जाएंगे।

कजाकिस्तान के महा अभियोजक कार्यालय ने आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 277 के अनुसार, खनन या निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में एक पूर्व-परीक्षण जांच शुरू की। विशेष अभियोजकों के नेतृत्व में एक अंतरविभागीय जांच और परिचालन समूह बनाया गया है, जिसमें सबसे अनुभवी कानून प्रवर्तन अधिकारी और आपातकालीन स्थिति मंत्रालय के विशेषज्ञ शामिल हैं।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो, चार लोगों की मौत, 8 की हालत गंभीर



**बलिया (आरएनएस)।** यूपी के बलिया जिले में गड़वार थाना के चिलकहर चट्टी के पुलिया के पास एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है। यहां तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ से अधिक सवारियां घायल बताईं जा रही है। राहगीर और आसपास के लोगों ने घायलों को टेंपो से निकाला और हादसे की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है और घायलों को अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को वाराणसी रेफर किया गया है।

सूत्रों के अनुसार जिस वक्ति हादसा हुआ, तब टेंपों में 12 लोग सवार थे। मरने वाले सभी मऊ के बताए जा रहे हैं। यहां एक व्यक्ति के यहां शादी में खाना बनाने आए थे। दरअसल, गड़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर चट्टी पर शनिवार देर रात करीब 1.30 बजे किसी तेज रफ्तार वाहन ने टेम्पों को टक्कर मार दी, जिससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## पीएम मोदी का ऐलान, एकता दिवस पर रखी जाएगी युवाओं के सबसे बड़े संगठन मेरा युवा भारत की नींव




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज घोषणा की कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को एकता दिवस के मौके पर आज़ादी के अमृत महोत्सव का समापन होने के साथ ही एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन 'मेरा युवा भारत' की नींव रखी जाएगी जो नौजवानों को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा।

मोदी ने यहां आकाशवाणी पर अपने नियमित मासिक कार्यक्रम मन की बात की 106 वीं कड़ी में यह घोषणा की। मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म-जयंती मनाते हैं। हम भारतवासी, उन्हें, कई वजहों से याद करते हैं, और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। सबसे बड़ी वजह है – देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोडऩे में उनकी अतुलनीय भूमिका।

उन्होंने कहा कि हम जानते हैं हर साल 31 अक्टूबर को गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता दिवस से जुड़ा मुख्य समारोह होता है। इस बार इसके अलावा दिल्ली में कर्तव्य पथ पर एक बहुत ही विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा, आपको याद होगा, मैंने पिछले दिनों देश के हर गाँव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था।हर घर से मिट्टी संग्रह करने के बाद उसे कलश में रखा गया और फिर अमृत कलश यात्राएं निकाली गईं। देश के कोने-कोने से एकत्रित की गयी ये माटी, ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुँच रही हैं।यहाँ दिल्ली में उस मिट्टी को एक विशाल भारत कलश में डाला जाएगा और इसी पवित्र मिट्टी से दिल्ली में 'अमृत वाटिका' का निर्माण होगा। यह देश की राजधानी के हृदय में अमृत महोत्सव की भव्य विरासत के रूप में मौजूद रहेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, 31 अक्टूबर को ही देशभर में पिछले ढ़ाई साल से चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव का समापन होगा। आप सभी ने मिलकर इसे दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाले महोत्सव में से एक बना दिया। अपने सेनानियों का सम्मान हो या फिर हर घर तिरंगा, आजादी के अमृत महोत्सव में, लोगों ने अपने स्थानीय इतिहास को, एक नई पहचान दी है। इस दौरान सामुदायिक सेवा की भी अद्भुत मिसाल देखने को मिली है।

श्री मोदी ने कहा, मैं आज आपको एक और खुशखबरी सुना रहा हूँ, विशेषकर मेरे नौजवान बेटे-बेटियों को, जिनके दिलों में देश के लिए कुछ करने का जज़्बा है, सपने हैं, संकल्प हैं।ये खुशखबरी देशवासियों के लिए तो है ही है, मेरे नौजवान साथियो आपके लिए विशेष है। दो दिन बाद ही 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है और वो भी सरदार पटेल की जन्मजयन्ती के दिन। इस संगठन का नाम है मेरा युवा भारत, यानी माईभारत संगठन। यह संगठन भारत के युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने कहा, ये, विकसित भारत के निर्माण में भारत की युवा शक्ति को एकजुट करने का एक अनोखा प्रयास है। 'मेरा युवा भारत' की वेबसाइट माईभारत भी शुरू होने वाली है। मैं युवाओं से आग्रह करूँगा, बार-बार आग्रह करूंगा कि आप सभी मेरे देश के नौजवान, आप सभी मेरे देश के बेटे-बेटी माईभारत डॉट जीओवी डॉट इन पर रजिस्टर करें और विभिन्न कार्यक्रम के लिए साइन अप करें।

मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 31 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी जी की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।